>

Title: Alleged false propaganda being made against Jain religion by an organization named Anup Mandal.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, जैन धर्म देश का बहुत पुराना धर्म है, यह लाखों वर्ष पुराना धर्म है। इसकी मान्यता न सिर्फ हिन्दुस्तान में, बल्कि हिन्दुस्तान के बाहर भी दुनिया में लोग जैन धर्म को मानते हैं। अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो का संदेश हमें जैन धर्म ने दिया है। 2900 वर्ष पूर्व भगवान महावीर का संदेश आज भी हम लोगों के मध्य विद्यमान है। महाराष्ट्र का एक संगठन है - अनूप मंडल। इस संगठन के लोग पहले राजस्थान में और उसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में, जैन धर्म के जो तीर्थंकर हैं, उनके खिलाफ आपत्तिजनक भाषण करते हैं, उनके खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री बांटते हैं। मेरा निवेदन है कि हम चाहे जिस धर्म को मानें, लेकिन दूसरे धर्म को मानने वाले को तकलीफ देने का हमें कोई अधिकार नहीं है। उत्तर भारत में अधिकांश स्थानों पर यह हो रहा है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से विनम्र आग्रह करना चाहूंगा कि भारत सरकार राज्य सरकारों से पत्र व्यवहार करे, वहां के मुख्यमंत्रियों को लिखे, वहां के मुख्य सचिवों को लिखे कि इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जैन धर्म को मानने वाले लोगों में इसे लेकर बहुत आक्रोश है, जगह-जगह लोग अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं।[R17] इस प्रकार के संगठन जो समाज में अशांति पैदा करते हैं, दूसरे धर्मों की भावनाओं को आहत करते हैं, उन पर बैन लगना चाहिए। जो संगठन ऐसी हरकतें कर रहे हैं, उनके खिलाफ जरूर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।